# उत्तराखंड का मौसम: लुढ़का पारा, पहाड़ी जन जीवन स्थगित

## चर्चा में क्यों?

**उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बर्फबारी और वर्षा हुई**, जिससे मौजूदा शुष्क दौर से राहत मिली और पूरे क्षेत्र में तापमान में गिरावट आई।

- बादल छाये रहने के कारण मसूरी और इसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई।

## मुख्य बिंदु:

- **भारत मौसम विज्ञान विभाग के** देहरादून स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, **गढ़वाल हिमालय के ऊपरी इलाकों जैसे** केदारनाथ, **बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हर्षिल** में पर्याप्त बर्फबारी हुई।
- तलहटी में हल्की वर्षा हुई है जिससे दिन के तापमान में **गिरावट आई है।**

## भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)

- IMD की **स्थापना वर्ष 1875** में हुई थी। यह देश की **राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा** है और **मौसम विज्ञान एवं संबद्ध विषयों से संबंधित** सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
  - यह भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी** के रूप में कार्य करती है।
- इसका **मुख्यालय नई दिल्ली में** है।
- IMD विश्व मौसम विज्ञान संगठन के **छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों** में से एक है।
- **यमुनोत्री धाम:**
  - स्थान: ज़िला उत्तरकाशी
  - समर्पित: **देवी यमुना**
  - **गंगा नदी के बाद** यमुना नदी **भारत की दूसरी सबसे पवित्र नदी है।**
- **गंगोत्री धाम:**
  - स्थान: ज़िला उत्तरकाशी
  - समर्पित: **देवी गंगा**
  - **गंगा नदी** सभी भारतीय **नदियों में सबसे पवित्र मानी जाती है।**
- **केदारनाथ धाम:**
  - स्थान: ज़िला रुद्रप्रयाग
  - समर्पित: **भगवान शिव**
  - मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है।
  - भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों **(भगवान शिव के दिव्य प्रतिनिधित्व) में से एक।**
- **बद्रीनाथ धाम:**
  - स्थान: ज़िला चमोली
  - पवित्र **बद्रीनारायण मंदिर**
  - समर्पित: **भगवान विष्णु**
  - **वैष्णवों के पवित्र तीर्थस्थलों** में से एक।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-weather-mercury-dips-hills-jammed